हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026

11 डीसी ने गांव गढ़वा में रात्रि दरबार लगाकर ...

12 भीम स्टेडियम रोड पर लगे कचरे के ढेर खिलाड़ी...







## अब शहर की सड़कें होगी चकाचक, नहीं लगेंगे हिचकौले

# सवा करोड़ से सुधरेंगी सड़कें कच्ची गलियां होंगी पक्की

विधायक और नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर करीब सवा करोड़ रुपये की राशि के विकास कार्यों का श्री गणेश करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

*क्षेत्र के लोग लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे*

*दोनों जन प्रतिनिधियों ने किडजी स्कूल से लेकर बीटीएम चौक तक की गली का निर्माण कार्य शुरू करवाया*

अब शहर की सड़कों पर वाहन चालकों को हिचकौले नहीं खाने पड़ेंगे। गुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर करीब सवा करोड़ रुपये की राशि के विकास कार्यों का श्री गणेश करवाया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने वहां पर मौजूद सभी लोगों का मुंह मीठा करवाया।

इस अवसर पर विधायक सर्राफ ने बताया कि सार्वजनिक कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब है। बशर्ते जनता विकास कार्य लेकर आए। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह दादरी गेट इलाके में पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने दादरी गेट पानी की टंकी से लेकर कन्हैया राम आंखों के अस्पताल की सड़क के निर्माण का कार्य का शुभारंभ करवाया। चूंकि उक्त सड़क जर्जर हो चुकी थी। क्षेत्र के लोगों की इस सड़क के निर्माण की मांग हो रही थी। इसी तरह जैन चौक से लेकर घोसियान चौक तक की गली को निर्माण कार्य शुरू करवाया। इसके बाद दोनों नेता विजय नगर पहुंचे। यहां पर किडजी स्कूल से लेकर बीटीएम चौक तक की गली का निर्माण कार्य शुरू करवाया। इसी तरह एलजी शौरूम से लेकर डॉ. माथुर तक की गली का निर्माण कार्य का श्री गणेश किया। इस दौरान इन जगहों पर निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लोगों का मुंह मीठा करवाया। उसके बाद दोनों जनप्रतिनिधि रूद्रा कॉलोनी वार्ड संख्या 21 में पहुंचे। वहां पर कुंज बिहारी के मकान से लेकर बलवान पटवारी के मकान तक की गली का निर्माण कार्य शुरू करवाया। उक्त सभी कार्य करीब सवा करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी।

इस मौके पर पार्षद बिल्लू बादशाह, सुदामा सिंह, प्रवीन चावला, विनोद बेडवाल, हर्षदीप डुडेजा, मोनू बादशाह,लेखराज कुमार, श्याम सिंह, महाबीर सिंह व आशु कामरा मौजूद थे।


भिवानी। नारियल फोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी खजाने लबालब : विधायक

विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि विकास कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब है। पैसे की कमी नहीं है। जनता सार्वजनिक कार्य लेकर आए। उनको तत्काल पूरा करवाया जाएगा। इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई नहीं होगी। सीएम नायब सिंह सैनी का भिवानी के साथ विशेष लगाव है। वे भिवानी के विकास के लिए दिल खोल कर बजट जारी कर रहे है।

### स्वच्छता को लगेंगे पंखः भवानी प्रताप

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर के किसी भी क्षेत्र में कोई भी गली कच्ची नहीं रहेगी। जिस इलाके में कोई भी इस तरह की गली है तो वे उनको सूचना दे। तत्काल गली पक्की करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इनके अलावा शहर के सभी प्रवेश द्वार मार्गों को सुंदर बनाया जा रहा है। डिवाइडरों पर हरियाली के लिए फूलों व बेल के पौधे लगाए जा रहे है। अब जल्द ही शहर की सुंदरता व स्वच्छता को पंख लग जाएंगे।

# विक्रम चौहान वायु सेना में बने फ्लाइंग ऑफिसर


तोशाम। फ्लाइंग आफिसर के पहुंचने पर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

**मेहनत के आगे सब फीकाः सरपंच राजेश तंवर**

तोशाम निवासी विक्रम चौहान के फ्लाइंग ऑफिसर बनने के पश्चात तोशाम पहुंचने पर विक्रम चौहान का तोशाम पंचायत तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनका सम्मान किया गया। विक्रम चौहान के फ्लाइंग ऑफिसर बनने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सरपंच राजेश तंवर ने कहा कि अच्छी शिक्षा के माध्यम से ही समाज तथा राष्ट्र का विकास किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि विक्रम चौहान युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। सरपंच ने कहा कि मेहनत के आगे सब फीका है। यह बात विक्रम ने मेहनत कर साबित कर दी है। आज युवा मोबाइल की लत में पड़कर अपना समय बर्बाद कर रहा है। सरपंच ने कहा कि युवाओं को मोबाइल व नशे की लत छोड़कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस मौके पर हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत विक्रम चौहान के पिता रमेश चौहान तथा विक्रम की माता सुदेश चौहान को भी सम्मानित किया गया। तोशाम में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने विक्रम के चयन होने पर सहराना की और खुशी जाहिर की।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर गौशाला प्रधान सतपाल दूहन, सब इंस्पेक्टर रमेश चौहान, योगेंद्र मालवाल, हरीश तोशामिया, मंजीत, अनिल फौजी, एएसआई धर्मबीर, नरेश चौहान ठेकेदार, रामपाल चौहान ठेकेदार, मोतीराम चौहान, ठेकेदार राजेंद्र चौहान, एडवोकेट जितेंद्र चहल, जीतू चौहान, प्रताप जांगड़ा, पूर्व कर्नल अत्तर सिंह, ठेकेदार कृष्ण बागनवाला, जयसिंह, जाट सभा तोशाम के प्रधान ओमप्रकाश बादल आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### भिवानी में निरंकारी संत समागम आज

**भिवानी।** संत निरंकारी मिशन द्वारा 13 मार्च शुक्रवार को भिवानी शहर के बृजबासी कॉलोनी सेवा नगर स्थित मीनू वाटिका में विशाल निरंकारी सन्त समागम का भव्य आयोजन होगा, जिसका समय शाम 6 बजे से 8 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवभूमि उत्तराखंड के चमोली से कर्मयोगी विद्वान ज्ञानप्रचारक महात्मा आनन्द सिंह नेगी करेंगे। संत निरंकारी मंडल के भिवानी जोन के जोन प्रभारी बलदेव राज नागपाल ने सभी प्रभुप्रेमी भाई बहनों से विनम्र निवेदन किया कि कार्यक्रम में पहुंचकर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद प्राप्त करें।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सिविल लाइन पुलिस भिवानी ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सुनील निवासी हालुवास ने थाना सिविल लाइन भिवानी में हांसी गेट के पास स्थित स्कूल के बाहर से बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में एएसआई मंजू की टीम ने आरोपी को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संदीप उर्फ बाबा निवासी जाटू लोहारी, जिला भिवानी के रूप में हुई है।


भिवानी। अधूरे रोड पर टोल चालू करने के विरोध में ज्ञापन देते हुए।

# अधूरे रोड पर टोल चालू करने से नाराज लोगों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ दस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों के लिए टोल फ्री करने की मांग

भिवानी से हांसी तक के अधूरे बाईपास रोड पर टोल शुरू करने , बाईपास के साथ सर्विस रोड न बनाने तथा दस किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को टोल फ्री करने की मांग को लेकर हरियाणा जागृति मोर्चा व अन्य सामाजिक संगठनों ने सीटीएम के माध्यम से राज्यपाल व राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस दौरान सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जल्द ही बवानीखेड़ा व आसपास इलाके के मौजिज लोगों की पंचायत बुलाकर आंदोलन का ऐलान करेंगे।

हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने बताया कि सुंदर नहर के पास करीब एक किलोमीटर के दायरे में रोड व पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। उस पर अभी तक केवल मिट्टी ही डली हुई है। उसके बावजूद एनएचआई ने सुंदरनहर के पास टोल चालू कर दिया। उन्होंने बताया कि जिस इलाके में टोल प्लाजा स्थापित किया जाता है। उसके करीब दस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को टोल फ्री किया जाता है। पर बवानीखेड़ा व आसपास के इलाके के लोगों से टोल वसूला जा रहा है। जो कि पूरी तरह से गलत है। इस मौके पर गौ सेवक सतपाल शर्मा, मास्टर रामफल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दो हत्यारों को उम्रकैद की सजा और जुर्माना भी ठोका



**भिवानी।** अदालत ने खेत में सो रहे व्यक्ति की हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों दोषियों पर जुर्माना भी किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में गांव बागनवाला निवासी विकास ने थाना तोशाम में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि चार जून 2023 की रात वह धर्मचंद के साथ मोटरसाइकिल व स्कूटी पर खेत में आवारा पशुओं से फसल की रखवाली के लिए गए थे। रात करीब 12:30 बजे शोर सुनकर विकास की आंख खुली तो उसने देखा कि दो युवक धर्मचंद के साथ मारपीट कर रहे हैं। जब उसने शोर मचाया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और बाद में अन्य लोगों के आने पर फरार हो गए। घायल अवस्था में धर्मचंद को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस शिकायत पर थाना तोशाम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिवानी ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी बिजेंद्र पुत्र सुरेश कुमार तथा रमन कुमार पुत्र सतीश कुमार निवासी गांव बागनवाला, जिला भिवानी को दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है।

# विक्रम ने बैडमिंटन में जीता कांस्य पदक

■ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है विक्रम की उपलब्धि : कोच महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी की धरती अब न केवल मुक्केबाजी, बल्कि बैडमिंटन के क्षेत्र में भी धमक दिखा रही है। तेलंगाना में 7 से 10 मार्च तक हुई 7वीं पैरा सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में खेल नगरी भिवानी के बेटे विक्रम सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हार्ट फुलनेस गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी तेलंगाना के कोर्ट पर देशभर के दिग्गजों के बीच खेलते हुए बजरंग बली कॉलोनी स्थित बर्डी बैडमिंटन ऐरिना के खिलाड़ी विक्रम सिंह ने न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि भिवानी की खेल झोली में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया। विक्रम सिंह ने एकल वर्ग में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय कर शीर्ष खिलाड़ियों को चुनौती दी। वहीं युगल वर्ग में उन्होंने कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। कोच महेश शर्मा व शुभम शर्मा के मार्गदर्शन में विक्रम ने घंटों पसीना बहाया है, जिसका परिणाम पदक के रूप में सामने है। उन्होंने कहा कि विक्रम की सफलता केवल एक पदक नहीं है, बल्कि यह उन सभी दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है।


भिवानी। पदक विजेता विक्रम सिंह।

# रामनिवास बने निरीक्षक एसपी ने लगाए स्टार



**भिवानी।** जिले में कार्यरत उप निरीक्षक रामनिवास को निरीक्षक पद पर पदोन्नति, पुलिस अधीक्षक ने कंधों पर स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय भिवानी में जिला भिवानी में कार्यरत उप निरीक्षक रामनिवास को पदोन्नत होकर निरीक्षक बनने पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने कहा कि पदोन्नति किसी भी पुलिस अधिकारी के कार्य, अनुशासन और समर्पण का परिणाम होती है। उन्होंने निरीक्षक रामनिवास को भविष्य में भी पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी निरीक्षक रामनिवास को पदोन्नति पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एडीसी ने किया विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूलों में शिक्षण कार्य और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्कूल संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए।

एडीसी श्री करवा ने लोहानी के राजकीय उच्च विद्यालय, जीतवानबास के प्राथमिक स्कूल, देवराला के राजकीय माध्यमिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य देखा। उन्होंने बच्चों से बात की और कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया।

वहीं दूसरी ओर एडीसी ने स्कूलों में शौचालय के साथ-साथ स्कूल परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में प्रत्येक का योगदान होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील में गुणवत्ता से किसी प्रकार समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ संस्कारवान बनाना जरूरी है। इस दौरान कैरू बीईओ महेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



# अफीम सहित किया गिरफ्तार, 24.6 ग्राम मादक पदार्थ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ पुलिस ने आरोपी की गाड़ी भी कब्जे में ली

थाना सदर पुलिस भिवानी ने गाड़ी चालक को मादक पदार्थ अफीम सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना सदर भिवानी के एएसआई विजेंद्र सिंह टीम के साथ गश्त व जांच पड़ताल ड्यूटी के दौरान खरकड़ी पुल बाईपास, भिवानी क्षेत्र में मौजूद थे। उनकी टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति क्रेटा गाड़ी में भिवानी से तोशाम रोड की तरफ जा रहा है, जिसके पास मादक पदार्थ अफीम है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर नाकाबंदी कर वाहन को रोककर नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान गाड़ी चालक के कब्जे से (24.6 ग्राम) मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान आशीष निवासी गांव बामला-2, जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया गया है। आरोपी ने बताया कि वह मादक पदार्थ लाखन माजरा से खरीदकर लाया था। आरोपी नशा करने का आदी है और अपने नशे की पूर्ति के लिए मादक पदार्थ लेकर आया था।

# नौकरी के नाम पर 9 लाख हड़पे, पिता-पुत्र गिरफ्तार

■ डाकघर में नौकरी लगवाने का दिया झांसा

**भिवानी।** जिला अनुसंधान इकाई भिवानी की टीम ने डाकघर में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहित निवासी बवानी खेड़ा ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी जान-पहचान विनोद नामक व्यक्ति से हुई थी। विनोद ने उसे बताया कि उसके पिता के माध्यम से वह उसे डाकघर में नौकरी लगवा सकता है। आरोपियों ने इस बहाने शिकायतकर्ता से अलग-अलग समय पर कुल 9,00,000 रुपये ले लिए। बाद में न तो आरोपियों ने उसे नौकरी दिलवाई और न ही उसके पैसे वापस किए। थाना बवानी खेड़ा में इस पर शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इसी मामले में पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान धर्मबीर निवासी झांझ कला, जिला जींद तथा उनके पुत्र विनोद के रूप में हुई है।





रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर

## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल



**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *

## रूफस हॉर्नेरो मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *



## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *





## प्रेयरी डॉग्स जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के



एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताब:** होलू का दिमाग चलता है, **लेखक:** दिविक रमेश
**मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *




एआई इमेज



कहानी
क्षमा शर्मा

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां

आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगे। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *





## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन , 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





काशवी, रायपुर



वेदिका, कोरबा



प्रगति, बिलासपुर



कुंजल, रायपुर



रिधान, अंबिकापुर



प्रभु, कोरबा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### ठाकुर जयनारायण सिंह के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** धामाण खाप-12 के पूर्व प्रधान ठाकुर जयनारायण सिंह नंबरदार का 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे भिवानी जिले के गांव रेवाड़ी खेड़ा के निवासी थे और लंबे समय तक सामाजिक एवं पंचायती कार्यों में सक्रिय रहे। ठाकुर जयनारायण अपने सौम्य स्वभाव और न्यायप्रिय छवि के कारण वे पूरे क्षेत्र में सम्मानित व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। ठाकुर जयनारायण सिंह प्रभावशाली पंचायती व्यक्तित्व थे, उनकी अध्यक्षता में धामाण खाप क्षेत्र में कई सामाजिक मामलों और पंचायती विवादों को आपसी भाईचारे के साथ सुलझाया।

### शनिवार को होगा गोशाला में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित श्री सनातन गोसेवा धाम समिति में शनिवार को वार्षिकोत्सव को लेकर सुबह 10 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम डेरा बाबा रामरूप के महंत गुमानदास, बाबा सोमवारपुरी कुटीधाम के महंत कैलाशगिरी, डरा बाबा जरनानाथ के महंत विचारनाथ के सानिधिय में होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ उद्योगपति दयानंद रावलवासिया उपस्थित होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता हलका विधायक कपूर वाल्मीकि व उद्योगपति घनश्यामदास धारणा एवं नपा प्रधान सुंदर अत्री करेंगे।

### ग्रामीणों ने ई-लाइब्रेरी व इंडोर जिम बनवाने की रखी मांग

# डीसी ने गांव गढ़वा में रात्रि दरबार लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार डीसी साहिल गुप्ता ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत सिवानी उपमंडल के गांव गढ़वा-खरकड़ी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के साथ दरबार लगाया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए वे नागरिकों की समस्याओं पर दो सप्ताह के अंदर-अंदर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर हल होने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा और प्रदेश सरकार स्तर की समस्याओं को चंडीगढ़ मुख्यालय भेजा जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने डीसी साहिल गुप्ता, एडीसी दीपक बाबू लाल करवा और लोहारू के डीएसपी संजीव कुमार का पगड़ी पहनाकर और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सिवानी की एसडीएम विजया मलिक भी मौजूद रहीं।



भिवानी। रात्री ठहराव के दौरान लोगों की शिकायतें सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### खुले दरबार में गूंजा नाजायज कब्जे हटवाने का मामला

रात्रि दरबार के दौरान ग्रामीणों ने डीसी के समक्ष प्लॉट देने दिलवाने, खरकड़ी के लिए रजवाहा-नाला बनवाने, गली का निर्माण करवाने, खाला पक्का करवाने, नाजायज कब्जा हटवाने, घरेलू सौर ऊर्जा की सब्सिडी दिलवाने, पेयजल लाइन डलवाने, खरकड़ी में जलघर बनवाने व गंदे पानी की निकासी का नाल बनवाने, जोहड़ में पानी डलवाने, बसों को नियमित रूप से चलवाने की समस्या रखी। इसी प्रकार से नागरिकों ने बिजली बिल ठीक करवाने, परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त करवाने, रजवाहा व नाली पक्की करवाने, अनुसूचित जाति की चौपाल का पुनर्निमाण करवाने, फिरनी को ठीक करवाने और भेड़ चोरी मामले में पुलिस कार्रवाई करवाने आदि प्रमुख समस्याएं रखी।

#### विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान खाद्य एवं पूर्ति विभाग, जिला रेडक्रास सोसायटी, सिंचाई विभाग, हरियाणा रोडवेज, मीकाढा, आईटीआई, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, बिजली निगम, गैस एजेंसी, कृषि विभाग, बैंक सेवा, क्रीड, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग और महिला एवं बाल विकास सहित जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों ने स्टॉल लगाई और उनके विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान डीसी ने कहा कि नागरिकों सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। योजनाओं के लिए संबंधित विभागों से संपर्क करें। सरकार द्वारा ऑनलाइन माध्यम से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों के खातों से सीधे सहायता राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि रात्रि दरबार आयोजित करने का मकसद लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

#### सरपंच ने रखी मांग

गांव के सरपंच रोहताश सूरा ने डीसी से मुख्य रूप से गांव ई-लाइब्रेरी और इंडोर जिम का निर्माण करवाने की मांग रखी ताकि लाइब्रेरी में बच्चे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकें और जिम में शारीरिक अभ्यास कर सकें। इस पर डीसी ने दोनों को मांगों को हर संभव पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

#### ये अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान गांव की महिलाओं ने डीसी के स्वागत में ठेठ हरियाणवी गीत प्रस्तुत किया और स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। इस दौरान जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमबीर कादयान, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फौगाट, बीडीपीओ मोहित श्योराण, पंचायती राज कार्यकारी अभियंता संभव जैन, एडीएम बिभूति पांडे, सीडीपीओ किरण व ऊषा, मत्स्य अधिकारी बलबीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



### ऑनलाइन मार्केटिंग की जानकारी होना जरूरी

**भिवानी।** एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड सामने चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस वीरवार से तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी-मेले का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ डीसी साहिल गुप्ता ने किया। प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्प कारीगरों, शिल्पकारों और छोटे उद्यमियों द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाई गई, जिनमें हैंडमेड क्राफ्ट, पारंपरिक वस्त्र, हैंडमेड ज्वेलरी सहित अनेक उत्पाद शामिल रहे। डीसी गुप्ता ने कहा कि छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है ताकि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें। सरकार द्वारा शिल्पकारों और कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए ऋण सहायता प्रदान की जा रही है। हुनरमंद लोगों को ऋण सहायता लेकर अपना रोजगार शुरु करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प पुराने समय से बहुत लोकप्रिय है और लोगों को पहली पसंद है।

### समस्याओं का अधिकारी शीघ्र समाधान करें: चोपड़ा

**भिवानी।** वीरवार को डीसी के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद सीईओ अजय चोपड़ा ने की। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनी। सीईओ ने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए कि वे समस्याओं गंभीरता से लेकर उनका समाधान करें। नागरिकों की बिजली, पानी और सीवरेज आदि संबंधित समस्याओं का समाधान करना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। समाधान शिविर में पहुंची सीवरेज जाम और सड़कों पर बने गड्ढों से संबंधित समस्याओं का निपटारा कर फोटो सहित साक्ष्य एटीआर में प्रस्तुत करें। समाधान शिविर में सीईओ के समक्ष ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य नंदराम धानिया ने सरकारी कॉलेज के सामने और मंजू शर्मा ने रोहतक रोड़ पर ठप सीवरेज, मनीषा व साक्षी ने लाडली योजना का लाभ दिलाने, हरिकिशन ने गिरदावरी में नाम ठीक करवाने, भुरटाना निवासी राजबीर ने गली बनवाने, कृष्णा कॉलोनी निवासी गंगाधर ने सीवरेज दुरूस्त करवाने, गंदे पानी की सप्लाई व आवारा कुत्तों से निजात दिलवाने, विद्या नगर कॉलोनी निवासियों ने महम रोड़ पर बनी गौशाला के सामने फैली गंदगी हटवाने, बापोड़ा निवासी शशिकला ने अवैध कब्जा हटवाने, मीना ने राशन कार्ड बनवाने, बैंक कॉलोनी निवासी देवेन्द्र ने सीवर को खुलवाने, ईश्वर दयाल ने घोसियान चौक पर क्षतिग्रसत रोड़ को दुरूस्त करवाने कि समस्या रखी।

# चार स्कूलों का सौंदर्यीकरण के लिए चयन

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा खंड के चार विद्यालयों को मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण पुरस्कार में शामिल किया गया। जिनमें बवानीखेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ढुंढ़वा जोहड़, ढाणी खुशहाल स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मिलकपुर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय, कुंगड़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय है। जिन्हें खंड स्तर पर 50-50 हजार रुपये की राशि सौंदर्यकरण करवाने के लिए वितरित की गई।

वहीं वीरवार को भिवानी के एडीसी दीपक बाबूलाल द्वारा इन चारों विद्यालयों का निरीक्षण किया गया ताकि जिला स्तर पर चार विद्यालयों को सौंदर्यीकरण में शामिल किया जा सके जहां खंड स्तर पर 50-50 हजार रुपये की राशि का प्रावधान है वहीं जिला स्तर पर एक-एक लाख रुपये की राशि की योजना है। मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण पुरस्कार सूचि में शामिल किए जाने पर विद्यालयों के मुखिया व स्टाफ में भी खुशी देखने को मिली। वहीं एडीसी द्वारा बवानीखेड़ा प्राथमिक पाठशाला में पौधारोपण किया।

बवानीखेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ढुंढ़वा जोहड़ को वर्ष 2017 में स्वच्छता भारत अभियान के तहत प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। जहां विद्यालय का एरिया सीमित है लेकिन विद्यालय मुखिया विमल कुमार व सभी स्टाफ सदस्य इसकी सफाई व्यवस्था, देखरेख व संबंधित कार्यों में अहम योगदान किया जाता जिसके कारण ये विद्यालय खंड में अपना विशेष स्थान बनाए हुए है।

#### एडीसी ने किया मुआयना

*खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र कुमार, प्राचार्य आनंद शर्मा ने बताया कि खंड के चारों विद्यालयों को मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण पुरस्कार योजना से नवाजे जाने को लेकर भिवानी एडीसी दीपक बाबूलाल द्वारा निरीक्षण किया व विद्यालयों की क्वालिटी व कमियों को नोट किया ताकि जिले के अन्य खंडों से रिपोर्ट बनाकर जिला स्तर पर चार विद्यालयों को चिन्हित करे उन्हें संबंधित योजना में शामिल किया जा सके। वहीं अधिकारी ने खंड के चारों विद्यालयों की सराहना की।*

#### राशि से चमकेगा विद्यालय

*बवानीखेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ढुंढ़वा जोहड़ के मुखिया विमल कुमार ने बताया कि विद्यालय में सौंदर्यकरण से प्राप्त राशि से रंग रोगन, मरम्मत, फलैक्स आदि से विद्यालय का नक्शा बदलने का कार्य किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि पहले सिवाड़ा में भी उन्होंने ऐसा ही कार्य करके विद्यालय को चमकाने का कार्य किया था उसी पगडंडी पर इस विद्यालय का भी नक्शा बदला जाएगा।*

### ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही

**भिवानी।** नीति आयोग के अंतर्गत संचालित आकांक्षी खंड कार्यक्रम के तहत खंड लोहारू में आयोजित आकांक्षा हाट का चौथा एवं समापन दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रिशव रंजन ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत पीएम श्री गर्ल्स स्कूल की छात्राओं द्वारा हरियाणवी गीत "हरियाणा में आपका स्वागत" पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुति के साथ हुई। विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति तथा हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाती अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। रंजन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं। इस अवसर पर आजीविका मिशन के खंड समन्वयक सोमवीर ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि



तोशाम। आयोजित मीटिंग में लोगों को संबोधित करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### जमीन बंटवारे के मामले रजामंदी से निपटाएं: एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि ग्रामीण जमीन बंटवारे के मामले आपसी रजामंदी से निपटाएं। उन्होंने कहा कि आपसी रजामंदी से जमीन बंटवारे के मामले निपटाने से भाईचारा बना रहता है और यह त्वरित तरीका भी है। इससे कानूनी खर्च व समय की भी बचत होती है। एसडीएम अहलावत वीरवार को गांव सुंगरपुर में ग्रामीणों से रूबरू थे। तोशाम उपमंडल में सुंगरपूर यह पहला गाँव है जहां एसडीएम के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी लोगों के बीच पहुंच कर जमीन बंटवारे बारे अवगत कराया गया है। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि जमीन के तकसीम मामलों का निपटान आपसी सहमति होने पर आसान और त्वरित प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की आपसी सहमती बनेगी उनका यथाशीघ्र निपटान करवाया जाएगा और मालिकों को अलग से जमीन का इंतकाल नंबर दिया जाएगा।

### योग शक्ति, दिव्यता व सत्यता की मिसाल थी दादी डॉ. हृदयमोहिनी व दादी चंद्रमणि: बीके वसुधा

# बीके भाई-बहनों ने दादी हृदयमोहिनी और दादी चंद्रमणि को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

- दादी को नॉर्थ उड़ीसा विवि. ने 2017 में डॉक्टर आफ लिटरेचर की उपाधि से विभूषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका डॉ. दादी हृदयमोहिनी व संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी चंद्रमणि योग शक्ति, दिव्यता व सत्यता की मिसाल थी, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में उनके पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। दादी हृदयमोहिनी के स्मृति दिवस को विश्वभर में दिव्यता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बीके वसुधा बहन ने दादी हृदयमोहिनी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी 93 वर्ष की थी और मात्र 9 वर्ष की आयु में ही संस्थान से जुड़ गई हैं। उनको बचपन से दिव्य दृष्टि का वरदान प्राप्त था। उन्होंने वर्ष 1969 में संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त होने के बाद अपनी दिव्य दृष्टि की शक्ति से लाखों भाई-बहनों का परमात्म संदेश सुनाकर संदेशवाहक की भूमिका निभाई। उनको सभी प्यार से दादी गुलजार भी कहते थे। दादी के योग-तपस्या का ही कमाल था कि आपके संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आपकी तपस्या की दिव्य अनुभूति होती थी। आपका दिव्य और तेजस्वी चेहरा रुहानियत से भरपूर था।



भिवानी। ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी डॉ. हृदयमोहिनी व दादी चंद्रमणि को नमन करते बीके भाई बहन। फोटो : हरिभूमि

#### ब्रह्ममुहूर्त में तीन बजे उठ जाती थीं

झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने दादी चंद्रमणि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी पवित्रता की धनी मर्यादाओं में अटल विपरीत परिस्थितियों में भी अचल अडोल निर्भीक शेरे पंजाब थी। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि दादी हमेशा तीन बजे ब्रह्ममुहूर्त में उठ जाती थी। इसके साथ ही उनकी दिनचर्या की शुरुआत साधना के साथ होती थी, यहां तक कि चलते-फिरते, खाते-पीते ईश्वर के ध्यान में मग्न रहती थी। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा की विश्व के कई देशों में जाकर दादीजी ने आध्यात्मिकता का संदेश दिया। दादी को नॉर्थ उड़ीसा विश्वविद्यालय ने 2017 में डॉक्टर आफ लिटरेचर की उपाधि से विभूषित किया। बीके वसुधा बहन ने कहा कि दादियों ने जो त्याग, तपस्या, सेवा व मानवीय मूल्यों का पाठ विश्व को पढ़ाया, उनकी शिक्षाओं को हम जीवन में धारण कर आगे बढ़ाएंगे, यही उनके लिए सच्ची सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी वसुधा, ज्योति, नीलम, रेखा, मोनिका, रितु, अनुज, रामकुमार बडराई, शुभराम गोपालवास, अशोक शर्मा रामबास सरपंच प्रतिनिधि, डॉ. बाला मान, राजेंद्र, टेकचंद भारद्वाज, दीपक आदि ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने दादी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### 240वें दिन सरकार के खिलाफ गरजे किसान

**लोहारू।** करोड़ों रुपयों के बकाया बीमा क्लेम भुगतान को लेकर स्थानीय उपमंडल परिसर में चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन महापड़ाव 240वें दिन में प्रवेश कर गया। गुरूवार को किसान सरकार और बीमा कंपनी के खिलाफ जमकर गरजे और कहा कि जब तक किसानों को उनकी बीमा क्लेम की राशि का भुगतान नही कर दिया जाता, तब तक किसान धरने पर बैठे रहेंगे।

डॉ बलबीर ठाकन ने कहा कि बीमा कंपनी द्वारा क्रोप कटिंग में धोखाधड़ी करके किसानों को बीमा क्लेम से पहले ही वंचित करके प्रीमियम हड़प लेती है। आने वाले समय में किसानों को क्रॉप कटिंग के समय जागरूक रहने की आवश्यकता है ताकि बीमा क्लेम लेने में आसानी रहे। शेर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार रबी फसल अब खलिहानों से मंडियों में पहुंचने वाली है। इसलिए हरियाणा सरकार सरसों और गेहूं की एमएसपी सरकारी खरीद की व्यवस्था करे। इस अवसर पर हवा सिंह जांगड़ा, हवा सिंह बलौदा खरकड़ी, सतबीर हरियावास, रणबीर ढाणी टोडा, रामपाल सिंघानी, नरेन्द्र श्योराण फरटिया भीमा, मास्टर उमराव सिंह, जय सिंह गिगनाऊ ने धरने को संबोधित किया।

## न्यूज डायरी



### हिंदी प्रश्नोत्तरी में शिवानी ने मारी बाजी

**बहल।** वीरवार को बीआरसीएम शिक्षण संस्थान बहल के विधि महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा को बढ़ावा देना और प्रतिभागियों को भारतीय संस्कृति केप्रति जागरूक करना रहा। प्रतियोगिता में हिंदी व्याकरण, साहित्य, हिंदी उपन्यास एवं निबंध से जुड़े सवाल पूछे गए। प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम, अंतिम ने द्वितीय तथा मोनिका व राहुल ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शुक्ला ने विजित प्रतिभागियोंको प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने बताया कि आज हिंदी हिंदुस्तान की राजभाषा ही नहीं अपितु विश्व सत्र पर भी तृतीय स्थान लिए हुए है। हिंदी विभागाध्यक्ष मनोज ने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति लेखन, श्रवण, वाचन एवं पठन कौशल विकसित किए जाते हैं, जो विद्यार्थियों को भविष्य में भी प्रतियोगी परीक्षाओं में मदद करते हैं।



### दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन रहा एआई: सुरेन्द्र

**भिवानी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि ये हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनती जा रही है, ये उद्गार आदर्श महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा भविष्य एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व पर विशेष व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता आईआरएस अधिकारी एवं आयकर विभाग गुरुग्राम प्रधान मुख्य आयुक्त सुरेंद्रपाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने बताया कि एआई तकनीक हमारी रसोई से लेकर युद्ध के मैदान तक विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग की जा रही हैं। अस्पतालों में एआई आधारित मशीनें बीमारियों का प्रारंभिक पता लगाने में मदद कर रही हैं। वहीं शिक्षा क्षेत्र में ये छात्रों के लिए व्यक्तिगत सीखने के नए अवसर प्रदान कर रही है।



### कचरा निस्तारण केंद्र का विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग में पीजी डिप्लोमा इन सोशल वर्क के विद्यार्थी स्टैंड विद नेचर में फील्ड वर्क कार्य कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने फील्ड वर्क के तहत शहर के कचरा निस्तारण केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह विजिट सामाजिक संस्था स्टैंड विद नेचर के सहयोग से हुई, जिसमें विद्यार्थियों को ठोस कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्टैंड विद नेचर के संस्थापक डॉ. लोकेश भिवानी के नेतृत्व में विद्यार्थियों का एक दल नगर परिषद के कचरा निस्तारण केंद्र पहुंचा। श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रोजेक्ट हेड विनीत सैनी के दिशा निर्देश में सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को कचरा संग्रहण, छंटाई और निस्तारण की पूरी प्रक्रिया से अवगत करवाया। इस अवसर पर विभाग के विद्यार्थी प्रतिभा पंवार, गुरदास, रवीना तंवर, प्रिया फौगाट, नवनीत, संस्था सदस्य स्वर्णिम सुप्रकाश, कंपनी सुपरवाइजर अनिल तंवर आदि मौजूद रहे।




### शिकायत निवारण में जिला 15वें से तीसरे स्थान पर

**चरखी दादरी।** समाधान शिविर लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। शिविर में सेक्टर 8 की सड़कों व गड्ढों आदि को लेकर की गई शिकायत पर कार्यवाही शुरू हो गई है और यहां सड़क निर्माण के साथ साथ झाड़ियों की कटाई व गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल शिकायतों को लेकर काफी संजीदा रहते हैं और उसी का नतीजा है कि पिछले लगभग 6 महीने में जिला 15वें स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिला मुख्यालय और बाढड़ा में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में लोगों की शिकायतों का समाधान एक ही छत के नीचे हो जाता है। सेक्टर 6 से संबंधित शिकायत पर कार्रवाई इसी का जीता जागता उदाहरण है। स्थानीय निवासी अरूण कुमार द्वारा सेक्टर 8 में सड़कें खराब होने, घरों के पास गड्ढे होने और क्षेत्र में झाड़ियों होने की शिकायत लगाई गई थी, जिस पर उपायुक्त ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को कार्यवाही के निर्देश दिए थे।



### नशे के खिलाफ जागरूकता और सख्त कार्रवाई जरूरी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जागरूकता और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं व बच्चों के बीच नशा मुक्ति अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया जाए। उपायुक्त ने पुलिस प्रशासन को आदेश दिए कि नशा बेचने वालों पर लगातार छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की जाए और किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। उपायुक्त ने ये निर्देश जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग और खेल विभाग को आदेश दिए कि वे विद्यालयों व कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने के प्रयास तेज करें। उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी निर्देश दिए कि नशीले पदार्थ बेचने वालों पर लगातार छापेमारी की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो।

### कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से चूल्हे ठंडे



**भिवानी।** हरियाणा सहित आसपास के इलाकों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत ने आम जनजीवन एवं व्यापार की कमर तोड़ दी है। स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि अब इसका असर केवल होटलों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अस्पतालों के बाहर लगने वाले भंडारे और खिलाड़ियों के हॉस्टल तक पहुंच गया है। सबसे दुःखद तस्वीर माता मनसा देवी न्यू भंडारा हॉल से सामने आई है, जो पूरी तरह बंद हो चुका है। यहां से संचालित होने वाली 14 मोबाइल वैनों के पहिए थम गए हैं। ये वैन रोजाना पीजीआई चंडीगढ़ सेक्टर-32, सेक्टर-16 और पंचकूला सेक्टर-6 जैसे बड़े अस्पतालों में करीब 7 हजार लोगों को मुफ्त भोजन पहुंचाती थी। चौधरी ने बताया कि सिलेंडर नहीं होने के कारण अब इन मरीजों के तीमारदारों और गरीबों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है। वहीं हॉस्टल में रह रहे खिलाड़ियों के लिए भी खाना बनाना मुश्किल हो गया है। अब मजबूरी में घरेलू सिलेंडरों का जुगाड़ किया जा रहा है, जो अवैध एवं असुरक्षित है। संकट का फायदा उठाकर कालाबाजारी करने वाले सक्रिय हो गए हैं, अब घरेलू गैस सिलेंडर तीन हजार तक में ब्लैक में बेचा जा रहा है।

## समाधान की बजाय कागजी खानापूर्ति साबित हो रहे समाधान शिविर: मान

# भीम स्टेडियम रोड पर लगे कचरे के ढेर खिलाड़ी, प्रशिक्षक और राहगीर परेशान

- तालु से मुढ़ाल सड़क खस्ताहाल, सड़क की दोनों साइड सरकंडे, झुंड व काबुली कीकर से अटी
- पूर्व जिला पार्षद मान ने पीडब्लयूडी एवं नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठाए गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भीम स्टेडियम से कृषि विज्ञान केंद्र मार्ग पर करीब आधा किलोमीटर तक लगे कचरे के ढेर व तालु से मुढ़ाल सड़क खस्ताहाल का मामला काफी गर्माया। पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने वीरवार को समाधान शिविर में उक्त मुद्दों को लेकर काफी बहस की और पीडब्ल्यूडी व नगर परिषद पर ला प र वा ही , भ्रष्टाचार एवं जनहित की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए।

वहीं तालु से मुंढाल सड़क के दोनों साइड सरकंडे, झुंड व काबुली कीकर खड़ी होने से दुर्घटनाओं के साथ लूटपाथ की घटनाएं होने की भी आशंका जताई। पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने प्रशासन और संबंधित विभागों के खिलाफ मोर्चा खोला। मान ने पीडब्ल्यूडी और नगर परिषद के खिलाफ अलग अलग दो शिकायतें सौंपी। मान ने उपायुक्त को सौंपे पहले पत्र में बताया कि भीम स्टेडियम के मुख्य द्वार से कृषि विज्ञान केंद्र और रामबाग तक गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं और इस स्टेडियम से देश के होनहार खिलाड़ी और भारतीय फौज के जवान निकलते हैं। इसी स्टेडियम की वजह से भिवानी को मिनी क्यूबा कहा जाता है। अब यहां आधा किलोमीटर तक कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे खिलाड़ी, प्रशिक्षक व राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।





भिवानी। भीम स्टेडियम से कृषि विज्ञान केंद्र रोड पर लगे गंदगी के ढेर व पीडब्ल्यूडी एवं नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान।

### अधिकारी पर अभद्र व्यवहार के आरोप

मान ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शहर लावारिस नजर आ रहा है। दूसरे मामले में मान ने तालु से मुढ़ाल सड़क की खस्ताहालत का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि सड़क के दोनों ओर सरकंडे, झुंड और काबुली कीकर की झाड़िया इतनी बढ़ गई हैं कि आए दिन हादसे हो रहे हैं। मान ने दावा किया कि जब उन्होंने एक्सईएन से इस बारे में बात की तो अधिकारी ने झाड़ियां कटवाने की बजाय अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता मेरे पीछे पड़ गया है।

### हिसार की फर्म को दिया झाड़िया काटने का ठेका, धरातल पर एक टहनी भी नहीं काटी

पूर्व जिला पार्षद मान ने सवाल उठाया कि पीडब्लयूडी अधिकारी दावा कर रहे हैं कि हिसार की किसी फर्म को झाड़िया साफ करने का ठेका दिया है, लेकिन धरातल पर एक टहनी भी नहीं काटी गई। उन्होंने प्रशासन से पूछा कि ठेकेदार को कितनी पेमेंट की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हांसी गेट से जोगीवाला मंदिर तक लोहे की रेलिंग के करीब 40 नग चोरी हो गए और भीम स्टेडियम की दीवार के साथ लगे सीमेंट ब्लॉक उखाड़कर दूसरी जगह लगा दिए, जिसमें भारी सरकारी पैसे की बर्बादी हुई है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए एक सप्ताह का समय दिया है। मान ने कहा कि भिवानी को स्वस्थ और विकसित बनाने के दावे केवल विज्ञापनों में हैं, जब समाधान शिविरों में तीन-तीन बार शिकायत देने के बाद भी अधिकारी नहीं सुनते, तो आमजन कहां जाए।

## आकांक्षा हाट में घरेलू उत्पाद और हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया

**बाढ़ड़ा।** नीति आयोग के आकांक्षी खंड कार्यक्रम के अंतर्गत खंड बाढ़ड़ा में नीति आयोग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय आकांक्षा हाट के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग से डॉ सुमन तंवर, सिविल सर्जन व महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला रानी ने हाट में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों और स्टॉलों का अवलोकन किया तथा संबंधित विभागों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

इस दौरान विशेष रूप से आईसीडीएस विभाग, स्वास्थ्य विभाग (सीएचसी गोपी) तथा अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से आमजन को विभागीय योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों ने भी बढ़-चढ़र भागीदारी की। हाट में प्रमुख रूप से संगवान शॉप इंडस्ट्रीज, नेकीराम फूड, एसआरएस फूड, उद्यान विभाग और अंबुजा फाउंडेशन के अलावा कई स्वयं सहायता समूहों ने अपने स्टॉल लगाए। इनमें ज्योति स्वयं सहायता समूह, तोखनाथ स्वयं सहायता समूह तथा जय माँ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने द्वारा तैयार किए गए घरेलू उत्पाद, खाद्य सामग्री तथा हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलता है।



चरखी दादरी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। फोटो: हरिभूमि

## एचडी स्कूल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

- ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

बिरोहड़ स्थित एचडी स्कूल में शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूल ओलम्पियाड सीनियर स्कूल स्टेज एक एवं स्टेज दो में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, बौद्धिक विकास तथा निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा देना रहा।

समारोह के दौरान सीनियर कक्षा 6वीं से 12वीं तक के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न विषयों के ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओलम्पियाड जैसी प्रतियोगिताएँ बच्चों की बौद्धिक क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम होती हैं। इनसे विद्यार्थियों में तार्किक सोच, विश्लेषणात्मक क्षमता तथा आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा से ही विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है और भविष्य में भी इसी प्रकार प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

### मेहनत का परिणाम

विद्यालय की प्राचार्या नमिता दास ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की मेहनत का ही परिणाम नहीं है, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

## अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा

**चरखी दादरी।** नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिला दादरी नियंत्रित क्षेत्र फायर स्टेशन रोड पर लगभग 13.5 एकड़ व घिकाड़ा रोड पर लगभग 6.25 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी से अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से निर्माण, कच्चा रोड नेटवर्क आदि अवैध निर्माण को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार नरेन्द्र नैन ने बताया कि फायर स्टेशन रोड पर 13.5 एकड़ व दादरी घिकाड़ा रोड़ पर लगभग 6.25 एकड़ में अवैध निर्माण गिराने का अभियान चलाया गया। फायर स्टेशन रोड पर लगभग 13.5 एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी से लगभग 4 डीपीसी, 2 दीवार एवं कच्चा रोड नेटवर्क को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया।

## गुरुग्राम घटना की निष्पक्ष जांच हो एवं दोषियों को मिले सजा: बासिया

- भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन ने कंपनी कंस्ट्रक्शन साइट पर हुए हादसे पर जताया दु:ख

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


कामरेड राजकुमार बासिया

> सुरक्षा उपकरणों की कमी से निर्माण कार्यों में जुटे श्रमिक आए दिन हो रहे हादसों का शिकार: कामरेड

केंद्रीय मजदूर संगठन-ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) संबंधित भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने गुड़गांव के सिधरावली गांव स्थित सिग्नेचर ग्लोबल कंपनी कंस्ट्रक्शन साइट पर बीते दिन हुए हादसे में सात मजदूरों की मौत व अन्य चार मजदूर गंभीर रूप से घायल होने पर गहरा दुःख जाहिर किया। उन्होंने सिधरावली (गुरुग्राम) में हुए निर्माण कार्य के दौरान हादसा बहुत ही दर्दनाक घटना है। सुरक्षा उपकरणों की कमी के चलते प्रदेश में निर्माण कार्यों में जुटे श्रमिक आए दिन ऐसे हादसों के शिकार हो रहे हैं। भाजपा सरकार न तो मजदूरों के संघर्षों से हासिल 29 श्रम कानूनों को बदल कर, सरमायदार प्रस्तुत 4 लेबर कोड बनाकर उनके बचे-खुचे वैधानिक अधिकारों को भी छीन लिया है। हरियाणा सरकार ने तो निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए एचबीओसीडब्ल्यू की साइट भी बंद कर रखी है, जिससे निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण व हित लाभों से उनको वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गुरुग्राम घटना की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को जल्द कठोर सजा दी जाए। वहीं मृतकों के परिवारों को 50-50 लाख रुपये, घायलों का उचित इलाज व 10-10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए।

## लोगों की शिकायतें ध्यान से सुनें: डीसी

- निरीक्षण के दौरान विकास कार्य समय पर ढंग से पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने सिवानी उपमंडल परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यालयों में आने वाले नागरिकों की समस्याओं को गौर से सुने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। इसके साथ उन्होंने अपने-अपने विभाग के रिकॉर्ड को दुरूस्त और व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। वहीं डीसी ने एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान डीसी ने तहसील कार्यालय, उप खजाना कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एसडीएम कार्यालय में कोर्ट केस, मोटर वाहन, चालक लाइसेंस तथा शस्त्र लाइसेंस से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। इसके अलावा उन्होंने तहसील कार्यालय में राजस्व रिकॉर्ड, कंप्यूटर शाखा, जमीन रजिस्ट्रेशन कक्ष और रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही उप खजाना कार्यालय में भी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डीसी ने निर्देश दिए नागरिकों से सरकार द्वारा निर्धारित फीस वसूल करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


भिवानी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विकास कार्यों का किया निरीक्षण

डीसी शगुप्ता ने गांव बड़वा में निर्माणाधीन लाइब्रेरी और कम्यूनिटी सेंटर का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग से पूरा किया जाए। उन्होंने बड़वा में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इस कार्य में तेजी लाई जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

## गैस, पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं

**भिवानी।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि भिवानी जिले में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में तेल उपलब्ध है और आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है। नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भंडारण न करें। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि जिला में 27 गैस एजेंसी हैं और 233 पेट्रोल पंप हैं। सरकार के निर्देशानुसार घरेलू गैस की 25 दिन की बुकिंग निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि सभी गैस, पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ उपभोक्ताओं को सही मात्रा में गैस, पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण तेल का संकट पैदा होने की चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन फिलहाल ऐसी कोई स्थिति नहीं है और जिले में पेट्रोल तथा डीजल का पर्याप्त भंडारण मौजूद है। पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है, उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

## शिविर में 30 युवाओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** हरियाणा के राज्यपाल और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा के अध्यक्ष प्रोफेसर असीम कुमार घोष के जन्मदिन को वीरवार को सेवाभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस भवन में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर का शुभारंभ जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने किया। इस दौरान 30 युवाओं ने रक्तदान किया तथा 100 से अधिक की स्वास्थ्य जांच की। रैडक्रॉस सचिव प्रदीप ने कहा कि राज्यपाल का जन्मदिन हमारे लिए सेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर है। चंडीगढ़ राज्य शाखा के निर्देश अनुसार हमने शिविर का आयोजन किया है ताकि नर सेवा ही नारायण सेवा के ध्येय को सार्थक किया जा सके।

## सुनीता श्योराण को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जन चेतना विकास मंच के पदाधिकारियों ने प्रधान डा. विजय सांगवान मन्दोला के नेतृत्व में गांव हंसावास कलां पहुंचकर संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में 958 वां रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित करने वाली सुनीता श्योराण को सम्मानित किया। मंच के प्रधान डा. विजय मन्दोला ने सुनीता श्योराण के के पिता गुणपाल को भी पगड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। डा. विजय मन्दोला ने कहा कि सुनीता श्योराण की शानदार उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि प्रतिभाएं किन्हीं संसाधनों की मोहताज नहीं होती। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और सुविधाओं के बावजूद सरकारी स्कूलों व कालेज में अध्ययन कर यह दुर्लभ उपलब्धि प्राप्त करके इतिहास रच दिया है। इस सफलता ने दादरी क्षेत्र को गोरवान्वित महसूस कराने का काम किया है।


चरखी दादरी। यूपीएससी में 958 वां रैंक प्राप्त करने पर सुनीता को सम्मानित करते हुए।

### एकाग्रचित्त होकर करना होगा प्रयास

डॉ. विजय मन्दोला ने कहा कि हमारे ग्रामीण आंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है एकाग्रचित्त होकर सतत प्रयास करने की। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखते हुए अगर उनको अपना टारगेट के प्रति एकाग्रचित्त होकर,लगन व निष्ठा से परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया जाए तो उनके बच्चे भी सुनीता की तरह उपलब्धि दर्ज कर सकते हैं। इस अवसर पर सुबेदार धर्मेन्द्र साहब बलकरा, प्रो. सत्यपाल आर्य, राजेश फौगाट, सेवानिवृत्त प्राचार्य तुलेन्द्र वर्मा आदी मौजूद रहे।

## लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें तो जरूर मिलेगी सफलता: सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

क्षेत्र की होनहार बेटी सुनीता श्योराण ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 958वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धी पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। एनसीपी सेवा दल हरियाणा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम हरियाण ने सुनीता श्योराण के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सुनीता श्योराण के माता-पिता और परिवारजनों को इस उपलब्धी पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। विक्रम हरियाण ने कहा कि सुनीता श्योराण की मेहनत और लगन से मिली यह सफलता क्षेत्र के युवाओं, खासकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि यदि युवा लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर एनसीपी कार्यकर्ता महेशा ठेकेदार, मास्टर शेर सिंह, पूर्व सरपंच मुकेश बलोदा, राजनेश बलोदा, सचिन व नवीन पूनियां सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने पर सुनीता श्योराण सम्मानित।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## नई शिक्षा नीति पर सक्रिय कार्य कर शिक्षा प्रणाली को आधुनिक एवं समावेशी बनाया जाएगा: डॉ. पवन

# डॉ. पवन कुमार ने संभाला तीसरी बार शिक्षा बोर्ड चेयरमैन का कार्यभार

> बोर्ड उपाध्यक्ष, बोर्ड सचिव व अधिकारियों के साथ मिलकर बोर्ड को और उच्च मुकाम पर लेकर जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डॉ. पवन कुमार ने तीसरी बार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पद पर कार्य ग्रहण कर लिया है। चेयरमैन पद पर नियुक्ति के लिए डॉ. पवन कुमार ने मुख्यमंत्री सैनी एवं शिक्षामंत्री ढांडा का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि सरकार ने उन पर जो विश्वास जताया है वह उसे सार्थक सिद्ध करेंगे तथा बोर्ड उपाध्यक्ष, बोर्ड सचिव व अधिकारियों के साथ मिलकर बोर्ड को और उच्च मुकाम पर लेकर जाएंगे। बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों, शिक्षा जगत से जुडे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व शिक्षाविदों ने बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन का फूल-मालाओं से स्वागत किया। नई शिक्षा नीति पर सक्रिय रूप से कार्य करते हुए शिक्षा प्रणाली को आधुनिक, लचीला और समावेशी बनाया जाएगा।



### नकल पर लगाई जाएगी पूरी तरह रोक

बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन ने बोर्ड की लॉबी में स्थापित मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने उपरांत कार्यग्रहण किया। उन्होंने शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पद पर पुनः कार्यभार ग्रहण करने उपरांत कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोको अभियान व बोर्ड की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार लाने के अथक प्रयास किए जाएंगे। शैक्षिक क्षेत्र में अभूतपूर्व दीर्घकालीन अनुभवों के चलते हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन ने कहा कि प्रदेश की शैक्षिक क्षेत्र में बहुआयामी व सार्थक सुधार लाकर इसका स्तर और ऊंचा उठाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा-परीक्षा में गुणात्मक सुधार, परीक्षाओं में नकल पर पूर्ण अंकुश लगाने तथा शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली को ओर अधिक उत्तरदायी, त्वरित, पारदर्शी व विद्यार्थियों/शिक्षकों के लिए संतुष्टिपूर्ण बनाने के लिए सतत व सार्थक प्रयास जारी रहेंगे। शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं को पूर्णतया नकल रहित संचालित करवाना है।

## राज्यपाल के जन्मदिन पर 56 ने किया रक्तदान

- किसी भी अवसर पर रक्तदान की मुहिम को अपनाना होगा: जगदीश

**भिवानी।** डाबर कॉलोनी क्षेत्र में वीरवार को राज्यपाल एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी प्रोफेसर असीम घोष का जन्मदिन पर सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट ने रक्तदान शिविर लगाया। शिविर राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की डा. हिमांशी तंवर की अगुवाई में संपन्न हुआ। चिकित्सा टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर पूरी सावधानी के साथ रक्त एकत्रित किया। इस दौरान 56 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल ने शिविर की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि ट्रस्ट लगातार सामाजिक सरोकारों में जुटा रहता है।